Rapid Fire करेंट अफेयर्स (24 November)

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-24-11-2018

- 24 नवंबर को भारत की महिला बॉक्सर मैरी कोम ने नई दिल्ली के इंदिरा गाँधी इंडोर स्टेडियम में अपना छठा विश्व चैम्पियनशिप खिताब जीत लिया। 10वीं AIBAमहिला विश्व बॉक्सिंग चैम्पियनशिप के 48 किलोग्राम भार वर्ग के फाइनल में उन्होंने यूक्रेन की हना ओखोटा को हराकर गोल्ड मेडल जीता। 'मेग्नीफिसेंट मैरी' नाम से मशहूर मैरी कोम छह गोल्ड मैडल जीतने वाली विश्व की एकमात्र महिला बॉक्सर बन गई हैं।
- UNEP ने सीमापार से होने वाले पर्यावरण संबंधी अपराधों से निपटने में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो को उल्लेखनीय कार्यों के लिये एशिया पर्यावरण प्रवर्तन पुरस्कार, 2018 से सम्मानित किया
- मोटर वाहन कानून 1988 के तहत 'क्वाड्रीसाइकिल' को एक 'गैर-परिवहन'वाहन के रूप में शामिल करने की अधिसूचना जारी; चार पहियों वाले क्वाड्रीसाइकिल का आकार थ्री-व्हीलर जैसा होता है और यह पूरी तरह ढका होता है
- कोलकाता के गार्डनरीच शिपयार्ड में भारतीय तटरक्षक बल के लिये स्वदेशी तकनीक से बने दो फास्ट पेट्रोल वेसल (टोही जहाज़) का जलावतरण; ICGS अमृत कौर और ICGS कमला देवी हैं इन जहाज़ों के नाम
- महाराष्ट्र विधानसभा ने खाद्य पदार्थों में मिलावट को गैर-जमानती और संज्ञेय अपराध बनाने वाला विधेयक पारित किया; 6 महीने से लेकर उम्रकैद तक की हो सकती है सज़ा
- केंद्र सरकार ने अगले वर्ष जलियांवाला बाग नरसंहार के 100वें वर्ष को यादगार प्रतीक के रूप में मनाने का फैसला किया; अगले वर्ष 13 अप्रैल को खास सिक्का और डाक टिकट जारी किया जाएगा; 13 अप्रैल 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में हुई थी यह घटना
- विदेशी पर्यटकों के लिये तैयार है बुद्धिस्ट सर्किट ट्रेन; दिसंबर के मध्य में चलने की संभावना; बौद्ध धर्म की थीम पर तैयार यह ट्रेन भारत के बौद्ध स्थलों की यात्रा कराएगी
- जूट पैकेजिंग सामग्री अधिनियम, 1987 के तहत सरकार ने अनाजों की शत-प्रतिशत और चीनी की कम-से-कम 20 प्रतिशत पैकेजिंग जूट के बोरों में करने का निर्देश जारी किया; जूट उद्योग का विकास करना है उद्देश्य
- ज़िलों के नाम बदलने के बाद मंडलों के नाम भी प्रयागराज और अयोध्या हुए; उत्तर प्रदेश सरकार ने जारी की अधिसूचना; सरकारी दस्तावेज़ों में होगा अब यही नाम
- गुजरात में सरदार सरोवर पर वाटर एयरोड्रोम बनाने की योजना पर हो रहा है विचार; इसके अलावा साबरमती नदी, शत्रुंजय बांध और धरोई बांध पर भी बनाए जाने हैं वाटर एयरोड्रोम
- उत्तर कोरिया को शांत रखने के लिये अमेरिका और दक्षिण कोरिया 2019 में बसंत के मौसम में होने वाले वृहद् संयुक्त सैन्याभ्यास Foal Eagle का स्तर कम करने पर सहमत

- विजय कुमार देव को दिल्ली का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया; दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पद पर तैनात थे विजय कुमार देव; अंशु प्रकाश थे इससे पहले दिल्ली के मुख्य सचिव
- अभिजित बोस whatsapp इंडिया के स्थानीय प्रमुख बने; फर्ज़ी खबरों पर रोक लगाने को लेकर भारत सरकार की विभिन्न मांगों में से एक मांग थी स्थानीय प्रमुख की नियुक्ति करना
- UNICEF ने बाल अधिकारों की आवाज़ उठाने के लिये लोकप्रिय गायिका नाहिद आफरीन को पूर्वोत्तर क्षेत्र का पहला यूथ एडवोकेट नियुक्त किया; समाज में बदलाव का काम करते हैं यूथ एडवोकेट
- पाकिस्तान की प्रगतिशील उर्दू लेखिका, शायरा और महिला अधिकार कार्यकर्ता फहमीदा रियाज़ का लाहौर में निधन; मेरठ में जन्मी फहमीना ने देशद्रोह का मुकदमा चलने के बाद भारत में निर्वासन में गुजारे थे सात साल
- इटावा घराने के मशहूर सितारवादक उस्ताद इमरत खान का अमेरिका में निधन; सितार और सुरबहार बजाने के लिये दुनियाभर में जाने जाते थे उस्ताद विलायत खान के भाई इमरत खान